एनआइईएलईटी हरिद्वार डीबीएस में हुआ एमओयू

देहरादून : डीबीएस पीजी कालेज के शिक्षा उन्नयन में राष्ट्रीय इलेक्ट्रानिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआइईएलईटी) हरिद्वार अकादमिक शोध एवं फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम सहयोग देगा। दोनों संस्थानों के बीच शनिवार को इसे लेकर एमओयू हुआ।

शुक्रवार को राष्ट्रीय इलेक्ट्रानिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान हरिद्वार के निदेशक डा. अनुराग कुमार और डीबीएस कालेज के प्राचार्य डा. वीसी पांडेय ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। प्राचार्य ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में अकादमिक और अनुसंधान के क्षेत्र में विशेष जोर दिया जा रहा है। उच्च शिक्षा की गुणवत्ता और रोजगार परक पाठ्यक्रमों को डिजाइन किया जा रहा है।

राष्ट्रीय इलेक्ट्रानिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान प्रौद्योगिकी के मामले में देश के अग्रणी संस्थान में शामिल है। इस मौके पर डीबीएस कालेज के उपप्राचार्य प्रो. अनिल पाल ने बताया कि राष्ट्रीय इलेक्ट्रानिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान से हुआ यह अनुबंध प्रदेश के उच्च शिक्षा एवं कौशलपरक शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस मौके पर डीबीएस कालेज से प्रो. अजय कुमार आदि मौजूद रहे। (जासं)

डीबीएस कॉलेज और एनआईईएलआईटी के बीच करार

देहरादून। डीबीएस पीजी कॉलेज और राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईईएलआईटी) के बीच शुक्रवार को एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इसमें शोध क्षेत्र एवं फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम, कैपेसिटी बिल्डिंग में संयुक्त रूप से कार्य करने पर सहमति बनी। एमओयू पर डीबीएस कॉलेज के प्राचार्य प्रो. वीसी पांडेय और एनआईईएलआईटी के हरिद्वार निदेशक डॉ. अनुराग कुमार ने हस्ताक्षर किए। प्रो. वीसी पांडेय ने कहा कि इस अनुबंध से राष्ट्रीय शिक्षा नीति में अकादमिक एवं अनुसंधान के क्षेत्र में गुणवक्ता व रोजगारपरक पाठ्यक्रमों को प्रोत्साहन मिलेगा, जिसका लाभ महाविद्यालय के विद्यार्थियों को मिलेगा। इस मौके पर डॉ. अजय कुमार, राम सुभग आदि मौजूद रहे। संवाद

डीबीएस कॉलेज व एनआईईएलआईटी में करार

अनुबंध के दौरान डीबीएस कॉलेज व एनआई ईएलआईटी के पदाधिकारी।

देहरादून, 22 जून (ब्यूरो) : डीबीएस (पीजी) कालेज व राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान के बीच अकादमिक, शोध क्षेत्र व फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में मिलकर काम करने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया। इस करार पर कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर वीसी पांडेय व एनआईएलआईटी हरिद्वार के निदेशक डॉ. अनुराग कुमार ने हस्ताक्षर किए। इस मौके पर प्राचार्य वीसी पांडे ने कहा कि इस अनुबंध से राष्ट्रीय शिक्षा नीति में अकादमिक व अनुसंधान के क्षेत्र में गुणवत्ता व रोजगारपरक पाठ्यक्रमों को प्रोत्साहन मिलेगा। छात्रों को रोजगारपरक शिक्षा मिलेगी। इससे ये जॉब मार्केट का हिस्सा बन सकेंगे। प्रदेश के नौजवानों को आधुनिक सेक्टरों में रोजगार मिल सकेगा। डीबीएस पीजी कालेज के उप प्राचार्य प्रोफेसर अनिल पाल ने कहा कि इस करार से कौशलपरक शिक्षा को बल मिलेगा। इस मौके पर एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अजय कुमारव राम सुभग भी शामिल रहे।